रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 253] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 21, 2015/आषाढ़ 30, 1937
No. 253] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 21, 2015/ASADHA 30, 1937

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

हैदराबाद, 15 जुलाई, 2015

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (व्यापार स्थल) विनियम, 2015

फा. सं. भा.बी.वि.वि.प्रा./विनियम/9/99/2015.–समय-समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 114ए (2) (जेडएसी) और जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 18(4) के साथ पठित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64 वीसी द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण बीमा सलाहकार समिति के साथ परामर्श करने के बाद इसके द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभः

(i) ये विनियम भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (व्यापार स्थल) विनियम, 2015 के नाम से जाने जाएँगे ।

(ii) ये विनियम सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रभावी होंगे तथा ऐसी तारीख से आईआरडीए (व्यापार स्थल) विनियम, 2013 का अधिक्रमण करेंगे।

2. परिभाषाएँ :

(i) इन विनियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, --

(क) 'अधिनियम' से बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) अभिप्रेत है;

(ख) 'प्राधिकरण' से बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 की धारा 3 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ग) `व्यापार स्थल' से भारत में पंजीकृत बीमाकर्ताओं द्वारा भारत के अंदर स्थापित क्षेत्रीय कार्यालय, आंचलिक कार्यालय, मंडलीय कार्यालय, शाखा कार्यालय अथवा कोई अधीनस्थ कार्यालय अथवा कोई अन्य कार्यालय, चाहे किसी भी नाम से कहलाता हो, अथवा भारत के बाहर स्थापित *`भारतीय बीमाकर्ताओं का प्रतिनिधि या संपर्क कार्यालय'* अथवा *`भारतीय बीमाकर्ता का विदेश स्थित शाखा कार्यालय'* अभिप्रेत है;

(घ) `प्रतिनिधि या संपर्क कार्यालय' से कारोबार के प्रधान स्थल अथवा प्रधान कार्यालय, चाहे किसी भी नाम से कहलाए, के साथ सूचना के माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भारत के बाहर भारतीय बीमाकर्ताओं का कार्यस्थल अथवा भारत में स्थित ऐसी संस्था जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कोई वाणिज्यिक या व्यापारिक या औद्योगिक कार्य नहीं करती तथा सामान्य बैंकिंग माध्यम द्वारा विदेश से प्राप्त आवक विप्रेषणों से अपना निर्वाह करती है, अभिप्रेत होगा;

(ङ) `विदेश स्थित शाखा कार्यालय' से भारत के बाहर स्थापित भारतीय बीमाकर्ताओं का `शाखा कार्यालय' अभिप्रेत है जिसका आशय (क) कंपनी द्वारा शाखा के रूप में वर्णित किसी स्थापना; अथवा (ख) कंपनी के प्रधान कार्यालय द्वारा किया जानेवाला वही कार्यकलाप अथवा पर्याप्त रूप से वही कार्यकलाप करनेवाली किसी संस्था से है;

(च) `विवरणी' से इन विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट विवरणियाँ अभिप्रेत हैं;

(ii) इन विनियमों में प्रयुक्त और अपरिभाषित, परंतु बीमा अधिनियम, **1938 (1938** का **4),** अथवा जीवन बीमा निगम अधिनियम, **1956 (1956** का **31),** अथवा साधारण बीमा व्यवसाय **(**राष्ट्रीयकरण**)** अधिनियम, **1972 (1972** का **57),** अथवा बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, **1999** में परिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों के अर्थ वही होंगे जो उन अधिनियमों अथवा उनके अंतर्गत बनाये गये नियमों और विनियमों में, जैसी स्थिति हो, क्रमशः उनके लिए निर्धारित किये गये हैं।

(3) इन विनियमों के अधीन प्रत्येक बीमाकर्ता कोई भी कारोबार स्थल प्रारंभ करने से पहले प्राधिकरण का पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करेगा, चाहे वह भारत के अंदर हो या भारत के बाहर।

<u>स्पष्टीकरण:</u> ये विनियम अधिनियम की धारा **2(9)(**डी**)** में परिभाषित रूप में पुनर्बीमा व्यवसाय करने के लिए किसी विदेशी कंपनी द्वारा भारत में स्थापित शाखा पर लागू नहीं हैं।

<u>खंड-I</u>

<u>*भारत के अंदर व्यापार स्थलों के लिए मानदंड*</u>

<u>*भारत के अंदर व्यापार स्थल प्रारंभ करना*</u>

(4) सभी बीमाकर्ताओं के पास प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक व्यवसाय योजना होगी। उक्त वार्षिक व्यवसाय योजना के अंतर्गत बीमाकर्ता की व्यवसाय योजनाओं के अतिरिक्त भारत के अंदर न केवल शहरी केन्द्रों में, बल्कि अर्ध-शहरी और ग्रामीण केन्द्रों में भी प्रारंभ करने के लिए प्रस्तावित नये व्यापार स्थलों की कुल संख्या निहित होगी।

(5) उक्त वार्षिक व्यवसाय योजना के अंतर्गत विनियम **7(ii)** में उल्लिखित व्यापार स्थलों को छोड़कर, आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान भारत में प्रारंभ करने के लिए प्रस्तावित व्यापार स्थलों के नाम विशिष्ट रूप से निहित होंगे जिनके लिए इन विनियमों के अनुसार प्राधिकरण का अनुमोदन अपेक्षित है।

(6) प्रत्येक बीमाकर्ता वित्तीय वर्ष अप्रैल-मार्च के लिए अपने संबंधित बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक व्यवसाय योजना प्राधिकरण को उसकी पहली तिमाही के अंत तक अर्थात् उसी वित्तीय वर्ष के **30** जून तक प्रस्तुत करेगा।

(7) (i) इन विनियमों के अनुसार भारत के अंदर प्रारंभ करने के लिए प्रस्तावित नये व्यापार स्थलों का अनुमोदन करने के लिए आवेदनों पर विचार करते समय प्राधिकरण एक परामर्शक और परस्पर सक्रिय प्रक्रिया के द्वारा वार्षिक आधार पर समग्र रूप से अनुमोदन प्रदान करने पर विचार करता है।

क. प्राधिकरण वार्षिक व्यवसाय योजना में विनिर्दिष्ट व्यापार स्थलों पर विचार करने के बाद व्यापार स्थल प्रारंभ करने के लिए अनुमोदन प्रदान कर सकता है अथवा अस्वीकार कर सकता है।

ख. कोई नये व्यापार स्थल प्रारंभ करने के लिए प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन प्रदान करने से इनकार करने की स्थिति में बीमाकर्ता इस पर पुनर्विचार करने के लिए युक्तियुक्त कारण प्रस्तुत करते हुए तीन महीने के बाद निर्णय का पुनरीक्षण करने की अपेक्षा कर सकता है।

ग. बीमाकर्ताओं को इस बात की अनुमति है कि वे नये व्यापार स्थल सम्मिलित करने के लिए अथवा वार्षिक व्यवसाय योजना में प्रस्तावित व्यापार स्थलों में संशोधन करने के लिए वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा अनुमोदित वृद्धिशील अथवा संशोधित व्यवसाय योजनाएँ दाखिल करें।

(ii) विनियम **7**(i) में निहित किसी बात के होते हुए भी, निम्नलिखित शर्तों को पूरा करनेवाले सभी बीमाकर्ताओं को इस बात की अनुमति दी जाती है कि वे प्राधिकरण के पूर्व-अनुमोदन के बिना भारत के अंदर ऐसे केन्द्रों अथवा स्थानों अथवा जगहों पर व्यापार स्थल प्रारंभ करें जहाँ उपलब्ध नवीनतम दशवार्षिक जनगणना वर्गीकरण के अनुसार आबादी एक लाख से कम हो तथा इन विनियमों के विनियम **16** के अनुसार प्राधिकरण को सूचित करें।

क. न्यूनतम शोधन-क्षमता अनुपात पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण द्वारा निर्धारित रूप में हो।

ख. प्रबंधन के व्यय पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानदंडों के अंदर हों।

(8) विनियम **7(i)** में उल्लिखित व्यापार स्थल प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक व्यवसाय योजना अथवा संशोधित वार्षिक व्यवसाय योजना की प्रति के साथ इन विनियमों की अनुसूची-**1** के फार्म - पीबी **1** में प्रस्तुत किये जाएँगे। पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के लिए शोधन-क्षमता अनुपातों का विवरण और प्रबंधन के व्ययों का ब्योरा भी प्रस्तुत किये जाएँगे।

(9) विनियम **7(i)** में उल्लिखित नये व्यापार स्थल प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय तथा विनियम **7(ii)** में उल्लिखित व्यापार स्थल प्रारंभ करते समय सभी बीमाकर्ता बीमा व्यवसाय के दीर्घकालिक स्वरूप का ध्यान रखेंगे जिसके लिए पूर्णतया नये व्यापार स्थलों में निरंतर उपस्थिति की आवश्यकता है तथा वे अपेक्षाकृत अल्पकालिक अवधियों के लिए नये व्यापार स्थल प्रारंभ करने से बचेंगे।

(10) विनियम **7(i)** में प्रस्तावित और प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित नये व्यापार स्थल प्राधिकरण के अनुमोदन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के अंदर प्रारंभ किये जाएँगे।

क. उक्त समय-सीमा की समाप्ति के बाद प्राधिकरण का अनुमोदन व्यपगत हो जाएगा।

ख. विनियम **10** में निर्धारित समय-सीमा के अंदर जो कारोबार स्थल प्रारंभ नहीं किये जा सके हों, उन्हें बीमाकर्ता परवर्ती वार्षिक व्यवसाय योजनाओं में सम्मिलित कर सकते हैं।

(11) प्रारंभ किये गये सभी व्यापार स्थल, जो विशेषीकृत स्थल न हों जहाँ ग्राहकों के साथ कोई इंटरफेस न हो, जैसे आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय अथवा समर्थक (बैक-अप) केन्द्र आदि, कम से कम पॉलिसीधारकों की सेवाएँ प्रदान करेंगे, जैसे प्रीमियमों, प्रस्ताव जमाराशियों का संग्रहण अथवा पॉलिसी सेवा संबंधी अनुरोधों पर कार्रवाई।

भारत के अंदर व्यापार स्थलों का समापन अथवा पुनःस्थानन

(12) (i) बीमाकर्ताओं द्वारा भारत के अंदर व्यापार स्थलों का समापन अथवा पुनःस्थानन अपने पॉलिसीधारकों को होनेवाली संभव असुविधा सहित सभी कारकों पर यथोचित रूप से विचार करने के बाद होगा। सभी बीमाकर्ता व्यापार स्थलों का समापन अथवा पुनःस्थानन करते समय निम्नलिखित उपबंधों का अनुपालन करेंगे।

क. किसी भी कारोबार स्थल का समापन अथवा किसी भी व्यापार स्थल का पुनःस्थानन अग्रिम रूप से बीमाकर्ताओं के संबंधित बोर्डों द्वारा अथवा यदि बीमाकर्ता का बोर्ड ऐसे प्रत्यायोजन की अनुमति देता है तो बोर्ड द्वारा नियुक्त पॉलिसीधारकों की संरक्षण समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। जहाँ इस उपबंध में यहाँ पर उल्लिखित अनुमोदन का अधिकार बोर्ड द्वारा नियुक्त अधीनस्थ समिति को प्रत्यायोजित किया जाता है, वहाँ उक्त अधीनस्थ समिति की बैठकों का कार्यविवरण बोर्ड के समक्ष तत्काल अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

ख. किसी भी व्यापार स्थल का पुनःस्थानन अथवा परिवर्तन, जो उसी नगर, कस्बा अथवा गाँव के अंदर करने की स्थिति को छोड़कर अन्य प्रकार से हो, प्राधिकरण के पूर्व-अनुमोदन के अधीन होगा तथा प्रत्येक बीमाकर्ता जब भी आवश्यक हो, तब फार्म पीबी - **3** में प्राधिकरण के विचारार्थ ऐसे पुनःस्थानन अथवा परिवर्तन का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

ग. सभी प्रस्तावित पुनःस्थाननों अथवा समापनों के संबंध में कम से कम दो महीने की अग्रिम सूचना उस कारोबार स्थल द्वारा सेवाप्रदत्त पॉलिसीधारकों को उन्हें सेवाएँ प्रदान करने के लिए की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था संबंधी जानकारी सहित दी जाएगी।

घ. व्यापार स्थल के समापन के प्रस्ताव के बारे में प्राधिकरण को दो महीने के पहले अग्रिम रूप से सूचित किया जाएगा।

(ii) विनियम **12 (i) (क)** और **(ग)** में निर्धारित व्यापार स्थलों के समापन और व्यापार स्थलों के पुनःस्थानन संबंधी शर्तें विनियम **7 (ii)** के अनुसार बीमाकर्ताओं द्वारा प्रारंभ किये गये व्यापार स्थलों पर भी लागू हैं।

(iii) जहाँ प्राधिकरण की जानकारी में यह बात आती हो कि किसी व्यापार स्थल को प्रारंभ करने या उसका समापन या पुनःस्थानन करने का निर्णय अथवा किसी व्यापार स्थल को प्रारंभ करने या उसका समापन करने या पुनःस्थानन करने की कार्रवाई इन विनियमों के अनुसार नहीं है; वहाँ प्राधिकरण बीमाकर्ता को ऐसी कार्रवाई करने के लिए निदेश दे सकता है अथवा प्राधिकरण ऐसी कार्रवाई कर सकता है जो वह मामले की परिस्थितियों पर विचार करते हुए उचित समझता हो।

प्राधिकरण को प्रस्तुत की जानेवाली विवरणियाँ

(13) सभी व्यापार स्थलों के समापन की सूचना इन विनियमों की अनुसूची **-1** के फार्म-पीबी **4** में एक विवरणी के रूप में प्राधिकरण को ऐसे समापन के बाद आनेवाले महीने के **15** दिन के अंदर दी जाएगी।

(14) व्यापार स्थलों के सभी पुनःस्थाननों का विवरण (अर्थात् नया पता, स्थान बदलने की तारीख आदि) ऐसे पुनःस्थानन के बाद आनेवाले महीने के **15** दिन के अंदर प्राधिकरण को इन विनियमों की अनुसूची - **1** के फार्म - पीबी **5** में एक विवरणी के रूप में सूचित किया जाएगा।

(15) इन विनियमों की अनुसूची - **1** में उल्लिखित फार्म - पीबी **2** में एक विवरणी के रूप में समेकित वार्षिक सांख्यिकी (आंकड़े) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद **30** दिन के अंदर दाखिल की जाएगी।

(16) बीमाकर्ता भारत के अंदर प्रारंभ किये गये व्यापार स्थलों के संबंध में सूचना प्राधिकरण को नया व्यापार स्थल प्रारंभ करने की तारीख के साथ जिस महीने में व्यापार स्थल प्रारंभ किया गया हो, उसके बाद आनेवाले महीने के **15** दिन के अंदर फार्म - पीबी **2** में एक विवरणी के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

(17) प्राधिकरण इन विनियमों से संबंधित किसी भी अतिरिक्त सांख्यिकी और डेटा की माँग समय-समय पर इन विनियमों के अंतर्गत निर्धारित किये जानेवाले तरीके से और फार्मेट में कर सकता है।

खंड - II

भारत के बाहर व्यापार स्थलों के लिए मानदंड

(18) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के पास पंजीकृत कोई भी बीमाकर्ता प्राधिकरण द्वारा प्रदान किये जानेवाले पूर्व-अनुमोदन के अधीन भारत के बाहर *'विदेश स्थित शाखा कार्यालय'* अथवा `प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय' खोल सकता है।

(19) बीमाकर्ता द्वारा `प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय' या `विदेश स्थित शाखा कार्यालय' का प्रारंभ, मेजबान देश जहाँ ऐसा कार्यालय खोलने का प्रस्ताव हो, के विनियमनकर्ता से अनुमोदन या सिद्धांत रूप में स्वीकृति प्राप्त करने के अधीन होगा।

संपर्क कार्यालय अथवा प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए मानदंड

(20) निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करनेवाले, भारत के बाहर प्रतिनिधि कार्यालय अथवा संपर्क कार्यालय खोलने के लिए इच्छुक बीमाकर्ता प्राधिकरण को अनुसूची-**1** के फार्म एफपीबी-**1** में आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

क) बीमाकर्ता पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शोधन-क्षमता के मानदंडों को पूरा करेगा।

ख) बीमाकर्ता के पास बाजार आचरण, विनियामक अनुपालन, शिकायत निवारण आदि के संबंध में संतोषजनक पिछला कार्य-निष्पादन (ट्रैक) रिकार्ड होगा तथा प्राधिकरण के अभिलेखों में कंपनी के कार्य-संचालन के संबंध में कोई गंभीर प्रतिकूल टिप्पणियाँ नहीं होंगी।

प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय द्वारा किये जानेवाले अनुमति-प्राप्त कार्यकलाप

(21) भारत के बाहर खोले गये प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय को निम्नलिखित कार्यकलाप करने की अनुमति है।

क. प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय के माध्यम से बीमाकर्ता विकासात्मक और संवर्धक कार्यकलाप कर सकते हैं जैसे वित्तीय, आर्थिक और वाणिज्यिक सूचना प्राप्त करना, बीमे के लाभों के बारे में संभावित ग्राहकों को शिक्षित करना, लोगों के बीच संवर्धक कार्यकलाप संचालित करना और कंपनी के उत्पादों का प्रवर्तन करना, ग्राहक सेवा संबंधी कार्यकलाप, मेजबान देश में रहनेवाले संभावित ग्राहकों की पहचान करना, भारत में स्थित कारपोरेट कार्यालय के साथ सूचना के माध्यम के रूप में कार्य करना, सेमिनार आयोजित करना, बीमा संबंधी विभिन्न अवसरों के संबंध में संभावित ग्राहकों को शिक्षित करना, आदि।

ख. प्राधिकरण के पास पंजीकृत बीमाकर्ताओं द्वारा प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय के कार्य-संचालन को जारी रखने की अनुमति समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित की जानेवाली शर्तों के अधीन होगी।

ग. पुनर्बीमा के अर्पण (सीडिंग)/स्वीकृति के लिए विदेशी दलालों, पुनर्बीमाकर्ताओं के साथ संपर्क।

घ. समझौतों को औपचारिक रूप देने में सहायक कार्यकलाप।

ङ. सर्वेक्षकों/जोखिम निर्धारकों के साथ संपर्क।

च. विदेश में जोखिमों से संबंधित दावों पर कार्रवाई करने में सहायक कार्यकलाप।

छ. जोखिम-अंकन प्रथाओं और जानकारी के संबंध में विशेषज्ञता का आदान-प्रदान।

ज. बीमा बाजार से संबंधित व्यावसायिक सूचना का आदान-प्रदान।

झ. अनुसंधान अथवा संबंधित कार्यकलाप का संचालन।

ञ. उपर्युक्त के संबंध में प्रासंगिक अन्य कार्यकलाप *(जिन्हें एफपीबी-1 में विनिर्दिष्ट करना होगा)* ।

(22) बीमाकर्ता प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालयों के माध्यम से अनिवासी भारतीयों के बीच संभावित ग्राहकों की पहचान करने की व्यवस्था कर सकते हैं, परंतु प्रस्ताव की स्वीकृति और जोखिमों का अंकन केवल भारत में ही किया जाएगा। परिणामतः जारी की जानेवाली पॉलिसियों को भारतीय रुपयों में ही निर्दिष्ट किया जाएगा।

(23) बीमाकर्ता विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा), **1999** और ऐसे कार्यालयों के परिचालनों को नियंत्रित करते हुए प्रचलित किसी भी अन्य कानून का अनुपालन करना जारी रखेगा।

(24) प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय को चाहिए कि वह भारत के बाहर किसी भी देयता की संविदा न करे।

(25) प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय द्वारा किसी भी एजेंट को नियुक्त किये जाने की अनुमति नहीं होगी और इस कारण से किसी भी रूप में कोई भी कमीशन अदा नहीं किया जाएगा।

<u>प्रतिनिधि कार्यालय अथवा संपर्क कार्यालय द्वारा प्राधिकरण को प्रस्तुत की जानेवाली रिपोर्टें</u>

(26) बीमाकर्ता प्राधिकरण को प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय के माध्यम से जुटाये गये व्यवसाय, किये गये व्यय, प्राप्त और निवारण की गई शिकायतों के ब्योरे की सूचना प्रस्तुत करेंगे। उक्त रिपोर्टें वार्षिक आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से **60** दिन की अवधि के अंदर प्रस्तुत की जाएँगी।

(27) वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बीमाकर्ता द्वारा एक वार्षिक रिपोर्ट, किये गये कार्यकलापों, किये गये व्यय आदि का पूरा विवरण देते हुए प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से **60** दिन की अवधि के अंदर प्राधिकरण को प्रस्तुत की जानी चाहिए। उक्त वार्षिक रिपोर्ट में भारत के बाहर प्रतिनिधि कार्यालय अथवा संपर्क कार्यालय में भारतीय परिचालन के साथ किये गये व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा यह भी विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए कि क्या प्रबंधन के व्यय प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट वर्तमान सीमाओं के अंदर हैं अथवा नहीं।

<u>विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने के लिए मानदंड</u>

(28) जीवन बीमा अथवा साधारण बीमा अथवा स्वास्थ्य बीमा अथवा पुनर्बीमा व्यवसाय संचालित करने हेतु विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने के लिए इच्छुक बीमाकर्ता निम्नलिखित सूचना के साथ प्राधिकरण को अनुसूची-**1** के फार्म एफपीबी-**2** में आवेदन प्रस्तुत करेगाः

i) जहाँ विदेश स्थित शाखा कार्यालय स्थापित करना प्रस्तावित है, वहाँ के अधिकार-क्षेत्र के संबंध में स्थापना और बीमा व्यवसाय के संचालन के लिए आवश्यक सूचना-प्रणाली, अनुपालन और अन्य अपेक्षाओं सहित विनियामक संरचना।

ii) इस प्रकार का विदेश स्थित शाखा कार्यालय स्थापित करने से संबद्ध व्यय तथा इससे बीमाकर्ता पर आनेवाला वित्तीय भार।

(29) प्राधिकरण के पास पंजीकृत बीमाकर्ता को भारत के बाहर निम्नलिखित श्रेणियों का बीमा व्यवसाय संचालित करने के लिए विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने की अनुमति दी जा सकती हैः

क. जीवन बीमा व्यवसाय

ख. साधारण बीमा व्यवसाय

ग. स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय

घ. पुनर्बीमा व्यवसाय

बशर्ते कि बीमाकर्ता भारत के बाहर विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने के लिए प्राधिकरण के अनुमोदन की अपेक्षा करेगा जिसके लिए बीमाकर्ता को प्राधिकरण द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

<u>विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने के लिए बीमाकर्ताओं के पात्रता-मानदंड</u>

(30) प्राधिकरण के पास पंजीकृत बीमाकर्ता जो भारत के बाहर विदेश स्थित शाखा कार्यालय स्थापित करने की अपेक्षा करते हैं, निम्नलिखित मानदंडों का पालन करेंगेः

क. बीमाकर्ता को चाहिए कि वह कम से कम **3** वर्ष के लिए परिचालन में हो। परिचालन के वर्षों की संख्या की गणना आर**3** जारी करने की तारीख से की जाएगी।

ख. बीमाकर्ताओं के पास पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में निम्नलिखित वित्तीय स्थितियाँ होनी चाहिएः

i)	जीवन बीमा कंपनियों के लिए निवल मालियत	**- 500** करोड़ रुपये
ii)	साधारण बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के लिए निवल मालियत **(**नेट वर्थ**)**	**- 250** करोड़ रुपये
iii)	पुनर्बीमा कंपनियों के लिए निवल मालियत	**- 750** करोड़ रुपये
iv)	जीवन बीमा, साधारण बीमा, स्वास्थ्य बीमा और पुनर्बीमा कंपनियों के लिए शोध-क्षमता	- जैसा की प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया गया हो
v)	जीवन बीमा, साधारण बीमा, स्वास्थ्य बीमा और पुनर्बीमा कंपनियों के लिए लाभ	- पिछले **5** वर्षों में से **3** वर्षों के लिए

ग. जहाँ बीमाकर्ता सीमित धारितावाला **(**क्लोज़ली हेल्ड**)** है, वहाँ विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों को अवलंब देने के लिए वचनबद्धता के समर्थन में बोर्ड का संकल्प प्रस्तुत किया जाएगा। जहाँ बीमाकर्ता व्यापक धारितावाला **(**वाइडली हेल्ड**)** है, वहाँ विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों को सहारा देने के लिए शेयरधारकों का संकल्प प्रस्तुत किया जाएगा।

घ. पंजीकृत बीमाकर्ता को चाहिए कि वह आवेदन की तारीख से पूर्ववर्ती **5** वर्षों में से **3** वर्षों के लिए विनियामक अनुपालन के अपने पिछले कार्य-निष्पादन **(**ट्रैक**)** रिकॉर्ड में प्राधिकरण की किसी प्रतिकूल रिपोर्ट से ग्रस्त न हो।

ङ. बीमाकर्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित की जानेवाली कोई भी अन्य आवश्यकता।

<u>विदेश स्थित शाखा कार्यालय के अनुमोदन को नियंत्रित करनेवाली शर्तें</u>

(31) बीमाकर्ताओं का विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने के लिए अनुमोदन निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगाः

क) विदेश स्थित शाखा कार्यालय की पूँजी और देयताओं की प्रारंभिक आवश्यकता और आगे की वृद्धि शोधक्षमता मार्जिन की अपेक्षा से बाहर बीमाकर्ता के शेयरधारकों की निधियों से पूरी की जाएगी।

ख) विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, **1999 (**फेमा**)** और भारत के बाहर ऐसे कार्यालयों के परिचालनों को नियंत्रित करनेवाले प्रचलित किसी भी अन्य कानून का अनुपालन।

ग) मेजबान देश की शोधक्षमता संबंधी अपेक्षाओं का अनुपालन।

घ) बीमाकर्ता मेजबान देश से लाइसेंस अथवा पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर उसकी एक प्रति दाखिल करेगा।

ङ) बीमाकर्ता मेजबान देश के विनियमनकर्ता द्वारा की गई किसी भी विनियामक अथवा पर्यवेक्षी कार्रवाई की सूचना लागू किये गये अर्थदंड और अन्य प्रशासनिक कार्रवाई, यदि कोई हो, एवं उसके बाद किये गये उपचारात्मक उपायों के पूरे विवरण के साथ प्राधिकरण को तत्काल देगा।

च) कोई भी प्रतिकूल रिपोर्ट अथवा निष्कर्ष पाये जाते ही तत्काल प्राधिकरण को सूचित किये जाएँगे।

छ) प्राधिकरण भारत के बाहर विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने के लिए अनुमोदन प्रदान करते समय कोई भी अन्य शर्तें लागू कर सकता है।

<u>विदेश स्थित शाखा कार्यालय के लिए परिचालन संबंधी अपेक्षाएँ</u>

(32) बीमाकर्ता का बोर्ड मेजबान देश में विदेश स्थित शाखा कार्यालय की स्थापना और उसके कार्य-संचालन के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित परिचालन संबंधी विषयों का अनुमोदन करेगाः-

i. **<u>जोखिम-अंकन प्राधिकार का प्रत्यायोजनः</u>**

क. बीमाकर्ता प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में भारत के बाहर खोले गये प्रत्येक विदेश स्थित शाखा कार्यालय को प्रत्यायोजित जोखिम-अंकन सीमाओं की समीक्षा करेगा तथा वित्तीय निवल मालियत (नेट वर्थ), एक्सपोज़रों, व्यावसायिक योजना, आदि के आधार पर उक्त सीमाओं का निदेशक बोर्ड से अनुमोदन करवाएगा और पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की समाप्ति से **60** दिन की अवधि के अंदर प्राधिकरण के पास दाखिल करेगा।

ii. **<u>जोखिम-अंकन संबंधी विषयः</u>**

क. बीमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने प्रत्येक विदेश स्थित शाखा कार्यालय के लिए विशेष रूप से बनाई गई और निदेशक बोर्ड द्वारा विधिवत् अनुमोदित एक `जोखिम-अंकन नीति' निर्मित करें। बीमाकर्ताओं को देश-विशिष्ट नीतियाँ बनाने पर भी विचार करना चाहिए, जिन्हें उनके बोर्ड द्वारा अनुमोदित किये जाने की आवश्यकता है। बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि उत्पादों का अभिकल्पन (डिज़ाइनिंग) और रेटिंग सुदृढ़ और विवेकसम्मत जोखिम-अंकन के आधार पर हों। उत्पाद के अंतर्गत बीमाकृत आकस्मिकताएँ स्पष्ट होनी चाहिए तथा इनके द्वारा पारदर्शी रक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए जोकि बीमाकृत व्यक्ति के लिए मूल्यवान है।

ख. अपने जोखिम-अंकन संविभाग के विभिन्न पहलुओं के संबंध में विदेश स्थित शाखाओं द्वारा अनुसरण की जानेवाली व्यापक `जोखिम-अंकन नियम-पुस्तक' (अंडरराइटिंग मैन्युअल) बीमाकर्ता द्वारा निर्धारित की जानी चाहिए। बीमाकर्ता के पास ऐसी क्रियाविधियाँ विद्यमान होनी चाहिएँ जिनसे इस बात की निगरानी की जा सके कि विदेश स्थित शाखा कार्यालय सभी स्तरों पर उक्त मैन्युअल की निर्धारित प्रथा का अनुपालन करता है। विदेश स्थित शाखा कार्यालयों में पदाधिकारियों को प्रत्यायोजित शक्तियों की समीक्षा करने के लिए बीमाकर्ताओं के पास उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए जहाँ तक बाजार के अवसरों और सामयिक व्यावसायिक प्रतिक्रियाओं की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए ऐसी शक्तियों की पर्याप्तता का संबंध है।

iii. **<u>निवेश प्रबंध</u>**

क. बीमाकर्ताओं को चाहिए कि वे व्यावसायिक विचारों के अतिरिक्त, विदेश स्थित शाखा कार्यालयों के मान, स्वरूप और परिचालन-क्षेत्र के अनुरूप होने के लिए एक `निवेश नीति' बनाएँ तथा अपने निदेशक बोर्ड के समक्ष उनके अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें। ऐसी नीति बनाते समय मेजबान

विनियमनकर्ता की अपेक्षाओं के अनुपालन, चलनिधि, विवेकपूर्ण मानदंडों, एक्सपोज़र सीमाओं, प्रतिभूतियों के व्यापार में हानि रोध सीमाओं, सभी निवेश और बाजार जोखिमों के प्रबंध, आस्ति-देयता असंतुलन के प्रबंध, निवेश संबंधी लेखा-परीक्षाओँ और निवेश सांख्यिकी, आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

iv. **<u>जोखिम प्रबंधनः</u>**

क. बीमाकर्ताओं को जोखिम प्रबंधन के मानदंडों का अनुपालन करना चाहिए ताकि मेजबान पर्यवेक्षक / विनियमनकर्ता की विनियामक अपेक्षाएँ पूरी की जा सकें।

v. **<u>पुनर्बीमाः</u>**

क. बीमाकर्ता विदेश स्थित शाखा कार्यालयों के लिए प्रस्तावित पुनर्बीमा व्यवस्थाओं का विवरण निदेशक बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करेंगे जिससे उन देशों में उठाये गये जोखिमों के अंकन के कारण उत्पन्न होनेवाले एक्सपोज़रों का ध्यान रखा जा सके। इसके अंतर्गत दोनों आनुपातिक और गैर-आनुपातिक व्यवस्थाओँ को समाहित करते हुए पुनर्बीमा कार्यक्रम की संरचना, निवल प्रतिधारणों, बाध्यकारी सत्रों, यदि कोई हों, पुनर्बीमा व्यवस्थाओँ द्वारा समाविष्ट वर्गों, आपाती रक्षाओं की सीमा, पुनर्बीमाकर्ताओं की सुरक्षा, पुनर्बीमा अर्पणों (सेशन्स) के स्थापन, पुनर्बीमा वसूलियों, हानि संबंधी बकाया प्रावधानों, आदि का विवरण समाविष्ट होना चाहिए।

vi. **<u>बीमाकर्ता द्वारा पर्यवेक्षण और नियंत्रणः</u>**

क. बीमाकर्ता को चाहिए कि वह विदेश स्थित शाखा कार्यालयों द्वारा उनके प्रधान अथवा कारपोरेट कार्यालय, जैसी स्थिति हो, को प्रस्तुत आवधिक समीक्षाओं की प्रणाली सहित सभी नियंत्रणों और विवरणियों की समीक्षा और संशोधन करे जिससे प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जा सके तथा उनकी निरंतर व्यवहार्यता की निगरानी की जा सके। निरीक्षण अथवा लेखा-परीक्षा अथवा संवीक्षा के निष्कर्ष एवं विदेश स्थित शाखा कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्टें छमाही अंतरालों पर बीमाकर्ता के बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए।

ख. यह सुनिश्चित करने के लिए बीमाकर्ता के पास उपयुक्त प्रणालियाँ और जाँच-व्यवस्था होनी चाहिए कि प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग प्राधिकृत पदाधिकारियों द्वारा सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए तथा मूल कार्यालय पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

ग. बीमाकर्ता को चाहिए कि वह विदेश स्थित शाखा कार्यालयों में पदाधिकारियों की प्रत्यायोजित शक्तियों की समीक्षा भी करे जहाँ तक स्थानीय पॉलिसीधारकों की अपेक्षाएँ पूरी करने के लिए ऐसी शक्तियों की पर्याप्तता का संबंध है।

vii. **<u>बीमांकिक विषयः-</u>**

क. बीमाकर्ता देयताओं के मूल्यांकन, निवेश कार्यनिष्पादन, शोधक्षमता मार्जिन अनुपात, बीमा उत्पादों के अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण, बकाया दावों के लिए आरक्षित निधियों के निर्माण तथा निदेशक मंडल द्वारा उचित समझे जानेवाले किसी भी अन्य विषय की निगरानी करने के लिए नियुक्त बीमांकिक की सेवाओं का उपयोग कर सकता है।

viii. **<u>दावों के निपटान संबंधी विषयः</u>**

क. बीमाकर्ता के पास एक व्यापक `दावा नियम-पुस्तक' (क्लेम्स मैन्युअल) होनी चाहिए जो यह विधि निर्धारित करे जिसमें उसके विदेश स्थित शाखा कार्यालय के संबंध में दावों पर कार्रवाई की जाएगी

तथा प्रलेखीकरण, प्राधिकार का प्रत्यायोजन, पॉलिसीधारकों की सेवा (सर्विसिंग), शिकायत निवारण, आदि किये जाएँगे।

(33) बीमाकर्ता का निदेशक बोर्ड विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों की कार्य-पद्धति, वित्तीय विवरणों और व्यावसायिक कार्य-निष्पादन की नियमित अंतरालों पर निगरानी करने के लिए उत्तरदायी है तथा ऐसी किसी घटना अथवा गतिविधि के घटित होने पर जो विदेश स्थित शाखा कार्यालय के कार्य-चालन को हानि पहुँचाती हो, वह प्राधिकरण को तत्काल सूचित करेगा।

(34) <u>प्राधिकरण को सूचना देने (रिपोर्टिंग) की अपेक्षाएँ</u>

बीमाकर्ता प्राधिकरण को विदेश स्थित शाखाओं के संबंध में निम्नलिखित रिपोर्टें दाखिल करेगाः-

i. **<u>वित्तीय रिपोर्टिंग</u>**

क. लेखा-परीक्षित वार्षिक रिपोर्ट जिसमें जोखिम-अंकित प्रीमियम, व्यय किये गये दावों, प्रबंधन के व्ययों, कमीशन, निवेश आय, लाभों, तकनीकी आरक्षित निधियों, बकाया वसूलियों, आदि सहित किये गये कार्यकलापों का पूरा विवरण दिया गया हो, प्राधिकरण के समय-समय पर यथासंशोधित संबंधित लेखांकन विनियमों में विनिर्दिष्ट फार्म में उसके अंतर्गत विनिर्दिष्ट समय-सीमाओं के अंदर।

ख. निधियों का निवेश, निवेश पर प्रतिलाभ, अनर्जक आस्तियाँ (एनपीए) आदि प्राधिकरण के समय-समय पर यथासंशोधित संबंधित निवेश विनियमों में विनिर्दिष्ट फार्मेटों में उनके अंतर्गत विनिर्दिष्ट समय-सीमाओं के अंदर।

ग. विदेश स्थित शाखा कार्यालय की आस्तियों, देयताओं और शोधक्षमता मार्जिन के मूल्यांकन के संबंध में नियुक्त बीमांकिक की रिपोर्ट।

ii. **<u>व्यवसाय संबंधी रिपोर्टिंग</u>**

क. बीमाकर्ता तिमाही आधार पर शाखा कार्यालय द्वारा जुटाया गया व्यवसाय, किये गये व्यय, दावों संबंधी कार्यनिष्पादन, दावों की अवधि, प्राप्त और निवारण की गई शिकायतों का विवरण, सेवा मानक, प्रयुक्त वितरण माध्यम, आदि प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट फार्मेटों में सूचित करेगा।

ख. पुनर्बीमा व्यवस्थाएँ।

iii. **<u>अन्य</u>**

क. बीमाकर्ता मेजबान देश के विनियमनकर्ता द्वारा की गई कोई भी विनियामक अथवा पर्यवेक्षी कार्रवाई का पूरा विवरण तथा लागू किया गया दंड, लागू की गई कोई भी प्रशासनिक कार्रवाई, यदि कोई हो, और किये गये उपचारात्मक उपाय प्राधिकरण को तत्काल सूचित करेगा।

ख. प्राधिकरण विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों के संबंध में कोई भी अन्य विवरणी माँग सकता है, जैसा कि आवश्यक समझा जाए।

(35) बीमाकर्ता अपनी निगरानी के दौरान अथवा इन विनियमों के अंतर्गत उल्लिखित रिपोर्टों की समीक्षा के दौरान अपनी जानकारी में आनेवाले विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों के संबंध में कोई भी प्रतिकूल परिणाम प्राधिकरण को तत्काल सूचित करेगा।

<u>भारतीय बीमाकर्ताओं द्वारा स्थापित विदेश स्थित शाखा कार्यालय की पूँजीगत अपेक्षाएँ पूरी करने के स्रोत</u>

(36) (i) बीमाकर्ता के पास यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था विद्यमान होगी कि विदेशी परिचालनों के कारण उत्पन्न होनेवाली पॉलिसीधारक की देयताओं का पर्याप्त रूप से वलयरोधन (रिंगफेन्सिंग) किया गया है जिससे भारतीय पॉलिसीधारक का संरक्षण किया जा सके।

(ii) जहाँ भी बीमाकर्ता के विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों के परिणामस्वरूप हानि होती है अथवा हानि होने की संभावना है, वहाँ उक्त हानियाँ पूरी करने के लिए अथवा पूँजीगत या अन्य विनियामक अपेक्षाएँ पूरी करने के लिए अतिरिक्त पूँजीगत अपेक्षाओं हेतु अंशदान बीमाकर्ता की शोधक्षमता मार्जिन की आवश्यकता के अतिरिक्त, शेयरधारकों की निधियों से किया जाएगा तथा विदेश स्थित शाखा कार्यालय की पूँजीगत आवश्यकता पूरी करने के लिए पॉलिसीधारकों की निधियों का कोई उपयोग नहीं किया जाएगा।

<u>प्राधिकरण के अतिरिक्त अधिकार</u>

(37)(i) प्राधिकरण के पास बीमाकर्ता द्वारा स्थापित विदेश स्थित शाखा कार्यालय से संबंधित कोई भी दस्तावेज, अभिलेख अथवा पत्रादि की माँग, निरीक्षण अथवा जाँच-पड़ताल करने का अधिकार सुरक्षित है।

(ii) उपर्युक्त के होते हुए भी, जहाँ प्राधिकरण की राय में किसी विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालन बीमाकर्ता के हित में नहीं हैं, वहाँ प्राधिकरण के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह बीमाकर्ता को अपनी बात कहने के लिए सुनवाई का पर्याप्त अवसर देने के बाद उपर्युक्त विदेशी परिचालन बंद करने के लिए अथवा उपर्युक्त विदेश स्थित शाखा कार्यालय में अपना हित पूर्णतः निर्निहित (डाइवेस्ट) करने के लिए बीमाकर्ता को निदेश दे।

<u>प्राधिकरण को प्रस्तुत की जानेवाली विवरणियाँ</u>

(38) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर यथाविद्यमान बीमाकर्ता के विदेश स्थित शाखा कार्यालय में लगाई गई पूँजी तथा अनुवर्ती वित्तीय वर्ष हेतु लगाने के लिए पूर्वानुमानित पूँजी की सूचना प्राधिकरण को प्रत्येक वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में अर्थात् वित्तीय वर्ष के **30** जून से पहले दी जाएगी।

(i) *उपर्युक्त उपबंधों के होने के बावजूद, किसी भी समय भारत के बाहर स्थापित विदेश स्थित शाखा कार्यालय में लगाई गई पूँजी तथा किसी भी समय किसी भी प्रयोजन से भारत के बाहर स्थापित विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों में अंतरित किसी भी स्वरूप की निधियों की सूचना ऐसे अंतरण के बाद **15** दिन के अंदर प्राधिकरण को दी जाएगी।*

(39) भविष्य में विदेश स्थित शाखा कार्यालय के परिचालनों के संबंध में ऐसी अन्य विवरणियाँ निर्धारित करने पर विचार करने का अधिकार भी प्राधिकरण अपने पास सुरक्षित रख सकता है जो बीमाकर्ता द्वारा प्राधिकरण के पास ऐसी समय-सीमाओं के अंदर दाखिल की जा सकेंगी जैसा कि उनमें विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

<u>स्पष्टीकरण जारी करने का अधिकार</u>

(40) इन विनियमों के किसी भी उपबंध के प्रयोग अथवा अर्थनिर्णय के संबंध में कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्राधिकरण का अध्यक्ष जब भी आवश्यकता हो तब उपयुक्त स्पष्टीकरण अथवा दिशानिर्देश जारी कर सकता है।

अनुसूची – I

फार्म पीबी - 1/फार्म पीबी - 2

नया कार्यालय खोलने के लिए आवेदन फार्म/व्यापार स्थल प्रारंभ करने की सूचना के लिए फार्म

नया कार्यालय खोलने के इच्छुक बीमाकर्ता को यह फार्म भरना होगा। नया कार्यालय खोलने की स्थिति में यही फार्म दाखिल करना होगा, जिसके लिए प्राधिकरण का पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करना अथवा प्राधिकरण को सूचित करना आवश्यक है।

1. बीमाकर्ता का नाम :

फाइलिंग का प्रकार :

आवेदन पर पुनर्विचार करने के लिए कारण (यदि लागू हो) :

2. <u>प्रस्तावित कार्यालय के स्थान का विवरण</u>

पता** : _____

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र* : _____

जिला* : _____

नगर / कस्बा / ग्राम* : _____

पिन कोड** :

(*व्यापार स्थल प्रारंभ करने के लिए आवेदन दाखिल करते समय अनिवार्य तथा **व्यापार स्थल प्रारंभ करने के बाद सूचित करते समय अनिवार्य)

<u>3(क) स्थान का वर्गीकरण</u>

(i) स्थानः महानगरीय/शहरी/अर्ध-शहरी (ii) वर्गीकरणः स्तर (टीयर) I/II/III/IV/V/VI

(iii) कार्यालय का प्रकारः (iv) जनगणना (वर्ष) के अनुसार वर्गीकरण:

(iv) जनसंख्या_____ जनगणना (वर्ष)_____के अनुसार

3(ख) शोधक्षमता मार्जिन और प्रबंधन व्यय

(i) तीन वर्ष के लिए प्रबंधन व्यय (तारीख को)

(ii) तीन वर्ष के लिए शोधक्षमता मार्जिन (तारीख को)

3(ग) अन्य विवरणः

(i) विशिष्ट कूटः

(ii) कार्यालय खोलने की तारीखः

4. आवेदन की प्रस्तुति संबंधी विवरण

i. आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख (यदि लागू हो)

ii. पूर्व में अनुमोदित कितने कार्यालय खोलने के लिए बीमाकर्ता के पास लंबित हैं?

iii. क्या बीमाकर्ता ने पिछले वित्तीय वर्ष में प्रबंधन व्यय संबंधी निर्धारित उच्चतम सीमा का अनुपालन किया है?

iv. क्या बीमाकर्ता ने पिछले वित्तीय वर्ष में निर्धारित शोधक्षमता मानदंडों का अनुपालन किया है?

v. नया कार्यालय खोलने से संबद्ध प्रस्तावित कुल पूँजीगत व्यय

vi. क्या उक्त कार्यालय को बीमाकर्ता के आईटी नेटवर्क के साथ संबद्ध किया जाएगा?

vii. क्या प्रस्तावित कार्यालयों के लिए ऑनलाइन प्रीमियम रसीदों के निर्गम की योजना है?

viii. यदि संबद्धता उपलब्ध नहीं कराई गई है तो सर्विसिंग की कौन-सी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है और प्रस्तावित कार्यालय से नवीनतम सहायक कार्यालय तक की दूरी कितनी है?

ix. कार्यालय खोलने के लिए निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख

x. प्रस्तावित कार्यालय में किये जाने के लिए प्रस्तावित कार्य (कृपया उल्लेख करें हाँ/नहीं)

क. विक्रय में सहायता

ख. प्रीमियम संग्रहण

ग. नया व्यवसाय

घ. पॉलिसी संबंधी सर्विसिंग

ङ. निवेश

च. कारपोरेट कार्य

छ. अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

ज. ग्राहक इंटरफेस के बिना पश्चस्तरीय कार्यालय

5. प्रत्याशित व्यवसाय

वर्ष	**नई पॉलिसियों की संख्या**	**नये व्यवसाय से प्रीमियम आय**
वर्ष **1**		
वर्ष **2**		
वर्ष **3**		

6. प्रस्तावित श्रमशक्ति

पदनाम	**कर्मचारियों की संख्या**

अनुलग्नकः

1. **बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक व्यवसाय योजना की प्रति**
2. **3 वित्तीय वर्षों के लिए शोधक्षमता अनुपात का विवरण**
3. **3 वित्तीय वर्षों के लिए प्रबंधन व्यय का विवरण**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के हस्ताक्षर

अथवा

मुख्य अनुपालन अधिकारी के हस्ताक्षर

इन फार्मों के प्रयोजन के लिए महानगरीय केन्द्र वह स्थान है जहाँ जनसंख्या **10** लाख और उससे अधिक है तथा शहरी केन्द्र **1** लाख से **9,99,999** तक की जनसंख्या से युक्त, अर्ध-शहरी **10,000** से **99,999** तक की जनसंख्या से युक्त। जनसंख्या के आंकड़ों की गणना नवीनतम उपलब्ध दशवार्षिक जनगणना डेटा के अनुसार करनी होगी।

फार्म पीबी-3

कार्यालयों के पुनःस्थानन हेतु अनुमोदन के लिए अनुरोध

कार्यालयों के पुनःस्थानन हेतु अनुमोदन के लिए अनुरोध

(उन स्थितियों को छोड़कर जहाँ पुनःस्थानन उसी नगर, कस्बा अथवा गाँव में हो (सभी प्रकार के नगरों के लिए)

पिन कोड

राज्य

जिला

नगर

विशिष्ट कूट

1. बीमाकर्ता का नामः

2(क) वर्तमान कार्यालय के स्थान का विवरण

i. पता लाइन **1**

ii. पता लाइन **2**

iii. पता लाइन **3**

iv. राज्य **/** संघ राज्य क्षेत्र

v. जिला

vi. नगर/कस्बा/गाँव

vii. पिन कोड

2(ख) स्थान का वर्गीकरण

i. स्थानः महानगरीय/शहरी/अर्ध-शहरी

ii. वर्गीकरणः स्तर **(**टीयर**)** I/II/III/IV/V/VI

iii. कार्यालय का प्रकार

iv. वर्गीकरण जनगणना **(**वर्ष**)** के अनुसार

v. कार्यालय खोलने की तारीख

vi. जनसंख्या_____ जनगणना **(**वर्ष**)**_____के अनुसार

3(क). नये कार्यालय स्थान का विवरण

i. पता लाइन **1**

ii. पता लाइन **2**

iii. पता लाइन **3**

iv. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

v. जिला

vi. नगर/कस्बा/गाँव

vii. पिन कोड

3(ख) स्थान का वर्गीकरण

i. स्थानः महानगरीय/शहरी/अर्ध-शहरी

ii. वर्गीकरणः स्तर (टीयर) I/II/III/IV/V/VI

iii. कार्यालय का प्रकार

iv. वर्गीकरण जनगणना (वर्ष) के अनुसार

4. अन्य विवरण

i. पुनःस्थानन की प्रस्तावित तारीख

ii. कार्यालय के पुनःस्थानन के लिए निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख

iii.क्या पुनःस्थानन के संबंध में पॉलिसीधारकों को सूचित किया गया है? (दो महीने की अग्रिम सूचना) हाँ/नहीं

यदि नहीं तो कारणः _____

यदि हाँ, तोः

सूचना देने की तारीखः

सूचित करने की विधिः

अनुलग्नकः

1. बोर्ड के संकल्प की प्रति

हस्ताक्षर

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)

(अथवा)

मुख्य अनुपालन अधिकारी

फार्म - पीबी-4

कार्यालयों के समापन के लिए सूचना

कार्यालयों के समापन के लिए सूचना (सभी नगर)

(बीमाकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे कार्यालय के समापन की सूचना प्राधिकरण को अग्रिम रूप से कम से कम **2** महीने के पहले दें)

पिन कोड

राज्य

जिला

नगर

विशिष्ट कूट

1. बीमाकर्ता का नाम :

2(क). वर्तमान कार्यालय के स्थान का विवरण

i. पता लाइन **1**

ii. पता लाइन **2**

iii. पता लाइन **3**

iv. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

v. जिला

vi. नगर/कस्बा/गाँव

vii. पिन कोड

2(ख) स्थान का वर्गीकरण

i. स्थानः महानगरीय/शहरी/अर्ध-शहरी

ii. वर्गीकरण **(**स्तर I से स्तर VI**)**

iii. कार्यालय का प्रकार

iv. वर्गीकरण जनगणना के अनुसार

v. कार्यालय खोलने की तारीख

3.अन्य विवरण

i. विशिष्ट पहचान संख्या, यदि कोई हो

ii. समापन की तारीख

iii. कार्यालय के समापन के लिए निदेशक मंडल/पीपीसी द्वारा अनुमोदन की तारीख

iv. समापन के लिए पॉलिसीधारकों को अधिसूचित किया गया (दो महीने की पूर्व सूचना)

यदि नहीं, तो कारण विनिर्दिष्ट करें :

यदि हाँ, तो

अधिसूचना की तारीखः

अधिसूचना की विधिः

v.प्राधिकरण को सूचित करने की तारीखः

अनुलग्नकः

1. बोर्ड के संकल्प की प्रति [] **(अनिवार्य)**

हस्ताक्षर

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)

(अथवा)

मुख्य अनुपालन अधिकारी

फार्म - पीबी-5

(पुनःस्थानन के बाद सूचना)

पुनःस्थानन किये गये कार्यालय की सूचना

सूचना का प्रकार

विशिष्ट कूट

1. बीमाकर्ता का नामः

2(क). वर्तमान कार्यालय के स्थान का विवरण

i. पता लाइन **1**

ii. पता लाइन **2**

iii. पता लाइन **3**

iv. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

v. जिला

vi. नगर/कस्बा/गाँव

vii. पिन कोड

2(ख) स्थान का वर्गीकरण

i. महानगरीय/शहरी/अर्ध-शहरी

ii. वर्गीकरणः स्तर (टीयर) I/II/III/IV/V/VI

iii. कार्यालय का प्रकार

iv. वर्गीकरण जनगणना (वर्ष) के अनुसार

v. कार्यालय खोलने की तारीख

3. अन्य विवरण

पुनःस्थानन की वास्तविक तारीखः

टिप्पणी, यदि कोई हो

अनुलग्नकः

1. बोर्ड के संकल्प की प्रति

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)/मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के हस्ताक्षर

फार्म - एफपीबी-1

अध्यक्ष

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण,

तीसरी मंजिल, परिश्रम भवन,

बशीर बाग,

हैदराबाद - 500 004

आईआरडीएआई के पास पंजीकृत बीमाकर्ता द्वारा भारत के बाहर प्रतिनिधि / संपर्क कार्यालय खोलने के लिए आवेदन : के संबंध में

क्रम संख्या	विवरण	ब्योरा
क	**सामान्य सूचना**	
1	बीमा कंपनी का पूरा नाम	
2	संस्थापन का स्थान और तारीख	
3	प्रधान कार्यालय का पता	
4	पंजीकरण संख्या	

ख	**स्वामित्व और प्रबंधन**	
1	निदेशकों के नामों और पतों की सूची तथा उनकी अर्हताएँ और प्रधान व्यवसाय	
i)	नाम और पता	
ii)	अर्हताएँ	
iii)	प्रधान व्यवसाय	
2	प्रस्तावित प्रतिनिधि अथवा संपर्क कार्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अथवा प्रधान अधिकारी का नाम, पता और संपर्क का ब्योरा	
3	मुख्यालय में उस प्रमुख व्यक्ति का नाम, पदनाम, पता और संपर्क का ब्योरा जो भारत के बाहर कंपनी के प्रतिनिधि/ संपर्क कार्यालय की निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा	
ग	**भारत के बाहर प्रस्तावित प्रतिनिधि / संपर्क कार्यालय का ब्योरा**	
1	स्थान	
2	प्रतिनिधि/ संपर्क कार्यालय खोलने का प्रयोजन	
3	किये जाने के लिए प्रस्तावित कार्यकलाप **(**विनियम **21** देखें**)**	
4	अनुमानित वार्षिक व्यय तथा इन्हें पूरा करने के लिए स्रोत और विधि	
5	क्या भारत सरकार **(**केवल जीवन बीमा निगम/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संबंध में**)** और निदेशक मंडल का अनुमोदन प्राप्त किया गया है। यदि हाँ, तो आवश्यक अनुमोदनों की प्रमाणित प्रतियाँ प्रस्तुत करें।	
6	सरकारी/विनियामक अनुमोदन अथवा मेजबान देश से प्राप्त सिद्धांत रूप में स्वीकृति की प्रतियाँ	
घ	**पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों में बीमा कंपनी की वित्तीय स्थिति**	
1	पूँजी का विवरणः i) चुकता पूँजीः ii) पिछले लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र के अनुसार निर्बंध आरक्षित निधियाँ	
2	पिछले तीन वर्षों के वित्तीय विवरणों के आधार पर बीमाकर्ता की वित्तीय स्थिति की मुख्य-मुख्य बातें	
3	शोधक्षमता मार्जिन अनुपात	
4	पिछले **3** वर्षों के लिए प्रबंधन व्यय अनुपात	
5	पिछले **3** वर्षों के लिए संयुक्त अनुपात	
6	क्या बीमाकर्ता पर भारत सरकार अथवा किसी विनियामक निकाय ने कोई कार्रवाई की है अथवा कोई दंड, अर्थदंड आदि लगाया है। यदि हाँ, तो उसका ब्योरा।	
ङ	**पर्यवेक्षी व्यवस्थाएँ**	
1	उन पर्यवेक्षी व्यवस्थाओं का ब्योरा जिनके अधीन बीमाकर्ता उस अधिकार-क्षेत्र में रहेगा जहाँ एक प्रतिनिधि / संपर्क कार्यालय खोलने का प्रस्ताव किया जा रहा है।	
च	**संलग्न किये जानेवाले दस्तावेज**	

1	संस्था के बहिर्नियम और अंतर्नियम	
2	पिछले 3 वर्षों के वित्तीय विवरण	
3	भारत सरकार (केवल जीवन बीमा निगम/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संबंध में) और निदेशक मंडल के अनुमोदन की प्रमाणित प्रतियाँ	
4	मेजबान देश से प्राप्त सरकारी/विनियामक अनुमोदन अथवा उनसे प्राप्त सिद्धांत रूप में स्वीकृति, यदि कोई हो	
5	मेजबान देश में प्रतिनिधि/संपर्क कार्यालय खोलने के निर्णय पर पहुँचने के लिए किये गये अनुसंधान, यदि कोई हो, की प्रति	

हम इसके द्वारा घोषणा करते हैं किः

i) ऊपर दिया गया विवरण हमारी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार वास्तविक और सही है;

ii) हम भारत के बाहर अपने कार्यकलाप ऊपर स्तंभ सी.3 में निर्दिष्ट क्षेत्रों तक सीमित रखेंगे;

iii) यदि अनुमोदन प्रदान किया जाता है, तो हम भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किये जानेवाले नियमों और शर्तों का पालन करेंगे।

(आवेदक कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अथवा मुख्य अनुपालन अधिकारी के हस्ताक्षर)

नामः

पदनामः

स्थानः

दिनांकः

फार्म एफपीबी - 2

अध्यक्ष

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण,

तीसरी मंजिल, परिश्रम भवन

बशीर बाग,

हैदराबाद 500 004

आईआरडीएआई के पास पंजीकृत बीमाकर्ताओं का विदेश स्थित शाखा कार्यालय खोलने के लिए आवेदन : के संबंध में

क्रम संख्या	विवरण	ब्योरा
क.	**सामान्य सूचना**	
1.	बीमाकर्ता का पूरा नाम	
2.	संस्थापन का स्थान और तारीख	
3.	कारपोरेट कार्यालय का पता	
4.	पंजीकरण संख्या	
ख.	**स्वामित्व और प्रबंधन (आवेदन की तारीख को यथाविद्यमान)**	
1.	निदेशकों के नामों और पतों की सूची तथा उनकी अर्हताएँ और प्रधान व्यवसाय	
	i) नाम और पता	

	ii) अर्हताएँ	
	iii) प्रधान व्यवसाय	
2.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम, पता और संपर्क का ब्योरा	
3.	**5%** से अधिक शेयर पूँजी को धारित करनेवाले शेयरधारकों का ब्योरा	
ग.	**बीमाकर्ता की वित्तीय स्थिति** **(आवेदन की तारीख को यथाविद्यमान)**	
1.	पूँजी का ब्योराः i) चुकता पूँजीः ii) पिछले लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र के अनुसार निर्बंध आरक्षित निधियाँ	
2.	पिछले तीन वर्षों के वित्तीय विवरणों के आधार पर बीमाकर्ता की वित्तीय स्थिति की मुख्य-मुख्य बातें	
3.	पूर्ववर्ती **3** वित्तीय वर्षों के लिए निवल मालियत **(**नेट वर्थ**)**	
4.	पूर्ववर्ती **5** वर्षों के लिए लाभ	
5.	पूर्ववर्ती **3** वित्तीय वर्षों का शोधक्षमता मार्जिन अनुपात	
6.	पूर्ववर्ती **3** वित्तीय वर्षों के लिए प्रबंधन व्यय अनुपात	
7.	पूर्ववर्ती **3** वित्तीय वर्षों के लिए संयुक्त अनुपात	
8.	पूर्ववर्ती **3** वित्तीय वर्षों के लिए शोधक्षमता मार्जिन अपेक्षा के अतिरिक्त शेयरधारक निधि	
9.	क्या पूर्ववर्ती **3** वित्तीय वर्षों के दौरान भारत सरकार अथवा किसी विनियामक निकाय ने बीमाकर्ता पर कोई कार्रवाई की है अथवा कोई दंड, अर्थदंड, आदि लगाया है। यदि हाँ, तो उसका ब्योरा	
घ.	**भारत के बाहर प्रस्तावित कार्यालय का ब्योरा**	
1.	स्थान	
2.	भारत के बाहर प्रस्तावित शाखा कार्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम, पता और संपर्क का ब्योरा	
3.	भारत के बाहर कार्यालय खोलने का प्रयोजन	
4.	जोखिम-अंकन किये जाने के लिए प्रस्तावित बीमा व्यवसाय की श्रेणी	
5.	विस्तृत वित्तीय पूर्वानुमान प्रस्तुत करें - **5** वर्ष की अवधि हेतु, प्रारंभ से लेकर प्रत्येक वर्ष के लिए पूर्वानुमानों के आधार पर वित्तीय पूर्वानुमानों के लिए प्रयुक्त मॉडल का विवरण दिया जाए। इनके द्वारा निम्नलिखित को निर्दिष्ट किया जाना चाहिएः (i) विक्रय बल का आकार। (ii) विक्रय की राशि। (iii) विक्रय सहायता और प्रशासनिक स्टाफ का आकार। (iv) प्रीमियम आय। (v) निवेश आय। (vi) कमीशन और अन्य विक्रय संबंधी व्यय। (vii)प्रशासन के व्यय। (viii) आय कर और अन्य कर। (ix) सांविधिक आरक्षित निधियाँ।	

	(x) अपेक्षित शोधक्षमता मार्जिन। (xi) लाभ और हानि लेखे और तुलन-पत्र। (xii) प्रथम वर्ष और नवीकरण व्यय अनुपात। (xiii) पूँजीगत आवश्यकताएँ। (xiv) लाभ-अलाभ अवधियाँ और पूँजी पर प्रतिलाभ। (xv) शेयरधारकों के लिए लाभांश : भारतीय और विदेशी। (xvi) पॉलिसीधारक अधिशेष और बोनस की घोषणाएँ इस खंड में उस विधि पर भी चर्चा की जानी चाहिए जिसमें भावी पूँजीगत आवश्यकताएँ पूरी की जाएँगी।	
6.	संवेदनशीलता विश्लेषण - ऊपर क्रम सं. **5** पर निर्धारित विश्लेषण एक आधारभूत परिदृश्य और कुछ वैकल्पिक परिदृश्यों के आधार पर होगा। **"आशावादी"** और **"निराशावादी"** पूर्वानुमानों पर आधारित संवेदनशीलता विश्लेषण भी शामिल किया जाए। ये निम्नलिखित जैसे पूर्वानुमानों से संबंधित होंगेः (i) विक्रय बल का आकार। (ii) विक्रय का परिमाण। (iii) विक्रय का औसत आकार। (iv) मृत्यु-दर/अस्वस्थता-दर के स्तर, जीवन/स्वास्थ्य के लिए पॉलिसी समापन के स्तर। (v) प्रशासनिक व्यय (मुद्रास्फीति सहित)। (vi) भावी निवेश की स्थितियाँ। (vii) उस विधि पर चर्चा शामिल की जानी चाहिए जिसमें निराशावादी परिदृश्यों के परिणाम को सँभाला जाएगा। (viii) अनुमानित वार्षिक व्यय और इन व्ययों को पूरा करने के लिए स्रोत और विधि।	
7.	क्या भारत सरकार (केवल जीवन बीमा निगम/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संबंध में) और निदेशक मंडल का अनुमोदन प्राप्त किया गया है। यदि हाँ, तो उक्त अनुमोदनों की प्रमाणित प्रतियाँ प्रस्तुत करें।	
8.	सरकारी/विनियामक अनुमोदन अथवा मेजबान देश से प्राप्त सिद्धांत रूप में स्वीकृति, यदि कोई हो, की प्रतियाँ	
ङ.	**पर्यवेक्षी व्यवस्थाएँ**	
1.	उन पर्यवेक्षी व्यवस्थाओं का ब्योरा जिनके अधीन बीमाकर्ता उस अधिकार-क्षेत्र में है जहाँ भारत के बाहर एक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव किया जा रहा है।	
2.	शाखा कार्यालय का स्वरूप (मेजबान देश में उसका संस्थापन कैसे किया गया है)	
3.	मेजबान देश में शाखा कार्यालय का प्रस्तावित नाम	
4.	संस्थापन का स्थान और दिनांक	
5.	एफबीओ के कार्यालय का पता	
6.	पंजीकरण संख्या	
च.	**प्रस्तावित विदेश स्थित शाखा कार्यालय का स्वामित्व और प्रबंधन**	

1.	प्रमुख व्यक्तियों के नामों और पतों की सूची और उनकी अर्हताएँ तथा प्रस्तावित विदेश स्थित शाखा कार्यालय का प्रधान व्यवसाय	
2.	नाम और पता	
3.	अर्हताएँ	
4.	प्रधान व्यवसाय	
5.	विदेश स्थित शाखा कार्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम, पता और संपर्क का ब्योरा	
6.	भारतीय कॉरपोरेट कार्यालय में उस प्रमुख व्यक्ति का नाम, पदनाम, पता और संपर्क का ब्योरा जो विदेश स्थित शाखा कार्यालय की निगरानी के लिए जिम्मेदार है	
छ.	**संलग्न किये जानेवाले दस्तावेज**	
1.	संस्था के बहिर्नियमों और अंतर्नियमों की प्रतियाँ	
2.	पूर्ववर्ती **3** वित्तीय वर्षों के वित्तीय विवरण	
3.	भारत सरकार **(**केवल जीवन बीमा निगम और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संबंध में**)** और निदेशक मंडल के अनुमोदन की प्रमाणित प्रतियाँ	
4.	मेजबान देश से प्राप्त सरकारी/विनियामक अनुमोदन अथवा उनसे प्राप्त सिद्धांत रूप में स्वीकृति की प्रतियाँ	
5.	मेजबान देश में शाखा कार्यालय खोलने के निर्णय पर पहुँचने के लिए किये गये अनुसंधान, यदि कोई हो, की प्रति	
6.	भारत के बाहर कार्यालय खोलने के संबंध में संगत समझे गये अथवा उसकी आवश्यकता को प्रमाणित करने वाले कोई अन्य दस्तावेज	

हम इसके द्वारा यह घोषणा करते हैं किः

i) ऊपर दिया गया विवरण हमारी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार वास्तविक और सही है;

ii) हम भारत के बाहर अपने कार्यकलाप ऊपर क्रम सं. घ**(4)** पर निर्दिष्ट क्षेत्रों तक सीमित रखेंगे;

iii) यदि अनुमोदन प्रदान किया जाता है तो हम भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किये जानेवाले नियमों और शर्तों का पालन करेंगे।

(आवेदक कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अथवा मुख्य अनुपालन अधिकारी के हस्ताक्षर**)**

नामः

पदनामः

स्थानः

दिनांकः

प्रमाणीकरण

हम, अधोहस्ताक्षरकर्ता, सत्यनिष्ठापूर्वक यह घोषणा करते हैं कि आवेदक कंपनी की ओर से इस आवेदन फार्म में दिये गये तथ्य वास्तविक हैं तथा पूर्वानुमान और आकलन युक्तिसंगत धारणाओं पर आधारित हैं।

(आवेदक कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अथवा मुख्य अनुपालन अधिकारी के हस्ताक्षर**)**

नामः

पदनामः

स्थानः

दिनांकः

टी. एस. विजयन, अध्यक्ष

[विज्ञापन-**III/4/**असाधारण/**161/15(141)]**

INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

NOTIFICATION

Hyderabad, the 15th July, 2015

Insurance Regulatory and Development Authority of India (Places of Business) Regulations, 2015

F. No. IRDAI/Reg/9/99/2015.—In exercise of the powers conferred by Section 64VC read with Section 114A (2) (zac) of the Insurance Act, 1938 and Section 18(4) of Life Insurance Corporation Act, 1956 as amended from time to time, the Authority in consultation with the Insurance Advisory Committee, hereby makes the following regulations, namely:-

1. **Short title and commencement:**

(i) These regulations shall be called the Insurance Regulatory and Development Authority of India (Places of Business) Regulations, 2015.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette and supersede IRDA (Places of Business) Regulations, 2013 from such date.

2. **Definitions —**

(i) Unless the context otherwise requires, —

(a) "Act" means the Insurance Act, 1938 (4 of 1938)

(b) "Authority" means the Insurance Regulatory and Development Authority of India established under sub-section (1) of Section 3 of Insurance Regulatory and Development Authority Act, 1999;

(c) "Place of Business" means, a regional office, a zonal office, a divisional office, branch office or any subordinate office or any other office by whatever name called set up within India or a '*representative or a liaison office of Indian Insurers*' or a '*Foreign Branch Office of Indian Insurer*' set up outside India by the Insurers registered in India;

